GODREJ HOUSING FINANCE

Godrej

## सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें

________________________________(इसके बाद से **"उधारकर्ता"** के रूप में संदर्भित) और **गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** ("कंपनी" या "**जीएचएफ**") जिसका पंजीकृत कार्यालय गोदरेज वन, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र- 400079 में स्थित है, के बीच सहमत हुए लोन की सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें निम्नानुसार हैं:

**लोन का विवरण**

| | |
|---|---|
| लोन खाता संख्या | |
| स्वीकृत लोन राशि | |
| लोन का प्रकार | |
| लोन का उद्देश्य | |

**ब्याज दर का विवरण**

| **ब्याज दर का प्रकार ("आरओआई")** | |
|---|---|
| ☐ फिक्स्ड ब्याज दर ("आरओआई") | ______________% प्रति वर्ष ब्याज उधारकर्ता द्वारा मासिक अंतराल पर या लोन अनुबंध में दर्ज नियमों और शर्तों के अनुसार देय होगा। |
| ☐ फ्लोटिंग /वेरिएबल ब्याज दर ("आरओआई") | ______________% प्रति वर्ष गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस प्राइम लेंडिंग दर ("जीएचएफपीएलआर / जीएचएफपीएलआर-सीआर" जैसा भी मामला हो) (आज की तारीख में)<br>+ / - ______________% प्रति वर्ष स्प्रैड<br>______________% प्रति वर्ष लागू ब्याज दर |
| ☐ सेमी फिक्स्ड ब्याज दर ("आरओआई") | ______________% प्रति वर्ष ब्याज उधारकर्ता द्वारा मासिक अंतराल पर या लोन अनुबंध में दर्ज नियमों और शर्तों के अनुसार __________ महीनों के लिए देय होगा।<br>______________% प्रति वर्ष गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस प्राइम लेंडिंग दर ("जीएचएफपीएलआर / जीएचएफपीएलआर-सीआर" जैसा भी मामला हो) (आज की तारीख में)<br>+ / - ______________% प्रति वर्ष स्प्रैड<br>"आरओआई"________% प्रति वर्ष, __________ महीने से लागू। |
| सब्सिडी (अगर लागू हो) | किसी भी सब्सिडी कार्यक्रम के लिए पात्रता उसके निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुसार होगी। आवेदन केवल तभी सक्षम प्राधिकारी को भेजा जाएगा जब यह मानदंडों को पूरा करता हो। कंपनी सब्सिडी की प्राप्ति की गारंटी नहीं दे सकती क्योंकि निर्णय सक्षम प्राधिकारी को करना होता है। |
| मोरेटोरियम (अगर लागू हो) | उधारकर्ता को कंपनी की आंतरिक नीति और विशिष्ट उत्पाद शर्तों के अधीन लोन पर स्थगन की पेशकश की जा सकती है। मोरेटोरियम के तहत, उधारकर्ता मोरेटोरियम अवधि के लिए कोई भुगतान नहीं करेगा और ब्याज देय नहीं होगा, लेकिन इसे पूंजीकृत करके मूलधन में जोड़ दिया जाएगा। मोरेटोरियम की समाप्ति के बाद उधारकर्ता भुगतान अनुसूची के अनुसार भुगतान करेगा। |
| ब्याज दर के रीसेट की तारीख | लोन पर लागू ब्याज दर जीएचएफपीएलआर / जीएचएफपीएलआर-सीआर में बदलाव के साथ संशोधित/रीसेट की जाएगी। जीएचएफपीएलआर / जीएचएफपीएलआर-सीआर (जैसा भी मामला हो) में किसी भी बदलाव की सूचना उधारकर्ता को नीचे सेक्शन "सूचना/संचार" में दर्ज माध्यम और निर्धारित तरीके से दी जाएगी। |

**लोन सुविधा से संबंधित अन्य शर्तें**

| | |
|---|---|
| लोन की अवधि | ____________ महीने, फ्लोटिंग/सेमी-फिक्स्ड ब्याज दर में बदलाव होने पर संशोधित हो सकती है। |
| किश्त का प्रकार | मासिक |
| ईएमआई/पीईएमआईआई(जारी तिथि के अनुसार) | रु. ____________ (फ्लोटिंग ब्याज दर या पुनर्भुगतान योजना के प्रकार में बदलाव होने पर संशोधित हो सकती है)। |
| पुनर्भुगतान योजना – मोरेटोरियम की अवधि | ______________ ______________ महीने |
| ईएमआई ब्रेक महीने (अगर लागू हो) | विशिष्ट क्रेडिट मानदंडों की योग्यता और लोनदाता की एकमात्र राय में, उधारकर्ता द्वारा संतोषजनक पुनर्भुगतान प्रदर्शन के अधीन, विशिष्ट पूर्व-सहमत महीनों के लिए ईएमआई ब्रेक की सुविधा मिलेगी, जिसमें सभी अवधि के लिए ईएमआई में वृद्धि होगी और ग्राहक को निर्दिष्ट महीनों के लिए ईएमआई का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। अधिक विवरण के लिए अमॉर्टाइजेशन अनुसूची देखें। |
| फ्लेक्सिबल प्री-ईएमआई राशि | पुनर्भुगतान अनुसूची के अनुसार |
| फ्लेक्सिबल प्री-ईएमआई योजना | लोन अनुसूची के अनुसार; विशिष्ट क्रेडिट मानदंडों की योग्यता और लोनदाता की एकमात्र राय में उधारकर्ता द्वारा संतोषजनक पुनर्भुगतान प्रदर्शन के अधीन, विशिष्ट पूर्व-सहमत महीनों के लिए, जिसमें फ्लेक्सिबल प्री-ईएमआई अवधि के दौरान पूर्व-सहमत राशि का भुगतान किया जाएगा। अधिक विवरण के लिए पुनर्भुगतान अनुसूची देखें। |

| | |
|---|---|
| पीईएमआई शुरू की तारीख | अंतिम वितरण तिथि के आधार पर<br>महीने की 15 तारीख से पहले – अगले महीने से शुरू, महीने की 15 तारीख के बाद – दूसरे महीने से शुरू |
| ईएमआई शुरू होने की तारीख | ईएमआई शुरू होने की तिथि प्रोजेक्शन पूरी होने की तिथि, लोन संरचना और उत्पाद की विशेषताओं पर निर्भर करेगी। अधिक विवरण के लिए अमॉर्टाइजेशन अनुसूची देखें। |
| किश्त/पीईएमआई का भुगतान करने की नियत तिथि | ☐ माह की 3 तारीख ☐ माह की 6 तारीख |
| अगर लागू ब्याज दर में कोई परिवर्तन/संशोधन होता है, तो कंपनी अपनी एकल विवेकाधिकार पर, ईएमआई या लोन की अवधि या दोनों में संशोधन कर सकती है और ग्राहक को निर्धारित माध्यम से सूचित कर सकती है। इसके अनुसार, संशोधित ईएमआई के लिए अगर आवश्यक हो तो उधारकर्ता को नया ईसीएच/एनएसीएच मेंडेट प्रदान करना होगा।<br>आंशिक रूप से वितरित मामलों में, पूर्व-समान मासिक किश्त ब्याज (पीईएमआई) को नियत तिथि पर मासिक आधार पर भुगतान करना आवश्यक हो सकता है।<br>पीईएमआई पहली किस्त भुगतान की तिथि से ईएमआई शुरू होने की तिथि तक लिया जाएगा।<br>अगर भुगतान में देरी होती है, तो विलंब अवधि के लिए कंपनी द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट दरों पर बकाया ब्याज लिया जाएगा।<br>उपरोक्त शर्तें बाजार की स्थिति या कंपनी नीति के अनुसार बदल सकती हैं, जिन्हें लोन अनुबंध में विस्तार से समझाया गया है। | |
| वार्षिक शेष राशि का विवरण | वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर जारी किया जाएगा। |

**संपत्ति और उधारकर्ता का बीमा**

यह कंपनी भारतीय बीमा नियामक विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के साथ पंजीकृत एक कॉर्पोरेट एजेंट है, जिसका पंजीकरण क्रमांक CA0978 है। कंपनी आईआरडीएआई में पंजीकृत किसी भी बीमा कंपनी के लिए बीमा का प्रस्ताव देने के लिए अधिकृत है, जिसके साथ उसकी मास्टर पॉलिसी है। उधारकर्ता को बीमाकर्ता द्वारा जारी बीमा प्रमाणपत्र देखने की सलाह दी जाती है, जिसमें बीमा पॉलिसी की विशेषताएं दी गई हैं। पॉलिसी बीमाकर्ता द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन जारी की जाती है। मृत्यु/संपत्ति को हुए नुकसान या उधारकर्ता द्वारा प्राप्त पॉलिसी के आधार पर होने वाली अन्य घटनाओं की स्थिति में, राशि पहले लोन दायित्व को समाप्त करने के लिए उपयोग की जाएगी, उसके बाद शेष राशि, अगर कोई हो, तो नॉमिनी/कानूनी वारिस/उधारकर्ताओं को हस्तांतरित की जाएगी।

बीमा लेना अनिवार्य नहीं है और न ही यह लोन से जुड़ा है। उधारकर्ता की समयपूर्व मृत्यु या संपत्ति को हुए नुकसान की स्थिति में आश्रितों के हितों की रक्षा के लिए, कंपनी लोन राशि की सुरक्षा के लिए जीवन बीमा पॉलिसी लेने और संपत्ति का बीमा कराने की सुविधा प्रदान करती है।

कंपनी बीमा कंपनी या उत्पाद के संबंध में कोई वारंटी या प्रतिनिधित्व नहीं करती और दावा, पॉलिसी, सरेंडर आदि पर बीमाकर्ता द्वारा जारी सभी दिशानिर्देश लागू होंगे।

बीमा से संबंधित कोई भी शिकायत बीमा कंपनी के साथ दर्ज की जानी चाहिए। बीमा पॉलिसी लेना लोन प्राप्त करने से जुड़ा नहीं है।

**ब्याज दर, शुल्क और प्रभार से संबंधित सूचना/संचार**

| | |
|---|---|
| ब्याज दर/ईएमआई या लागू शुल्क में बदलाव की सूचना देने की प्रक्रिया | कंपनी द्वारा ब्याज दर या शुल्क/चार्ज में किसी भी संशोधन की सूचना निम्न माध्यमों में से किसी एक या अधिक के माध्यम से दी जाएगी और इसे ग्राहक के लिए पूर्ण सूचना माना जाएगा:<br>i) अंतिम ज्ञात पते पर पत्र;<br>ii) पंजीकृत ईमेल आईडी पर ईमेल;<br>iii) पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस/फोन/इलेक्ट्रॉनिक मैसेज;<br>iv) कंपनी की शाखाओं में नोटिस;<br>v) कंपनी की वेबसाइट पर नोटिस। |

**लोन के लिए सुरक्षा/मॉरगेज**

| |
|---|
| कंपनी के पक्ष में नीचे दर्ज संपत्ति का गिरवी रखना |
| गिरवी रखी गई संपत्ति का विवरण: |
| अन्य सुरक्षा: |
| गारंटर का विवरण: |
| स्वीकृति पत्र के अनुसार कोई अन्य सुरक्षा: |

**शुल्क/ केएफएस का विवरण**

| **शुल्क का विवरण** | **शुल्क राशि जीएसटी के अलावा ₹ में** |
|---|---|
| प्रोसेसिंग शुल्क* | लोन राशि का 2% तक मॉर्गेज लोन,<br>लोन राशि का 3% तक फ्लेक्सिबल लोन |
| पहली प्रस्तुति ईएमआई बाउंस, हर महीने | 1000 |
| दूसरी प्रस्तुति ईएमआई बाउंस, हर महीने | 1000 |
| **देरी से भुगतान के लिए जुर्माना:** | **कुल ईएमआई बकाया का 2% (मूलधन + ब्याज)** |
| भुगतान माध्यम- चेक/ एनएसीएच स्वैप | 500 |
| फिजिकल खाता विवरण | 500 |
| फिजिकल डुप्लिकेट एनओसी | 500 |
| फिजिकल पुनर्भुगतान अनुसूची | 500 |
| दस्तावेजों की सूची | 1000 |
| ईएमआई पिकअप | 500 |
| संपत्ति दस्तावेजों की फिजिकल कॉपी | 2000 |
| लोन बकाया प्रमाण पत्र जारी करने का शुल्क | 500 |
| कन्वर्जन या स्विच*** (सेमीफिक्स्ड से फ्लोटिंग / सेमीफिक्स्ड से फिक्स्ड / फिक्स्ड से फ्लोटिंग / फ्लोटिंग से फिक्स्ड) | बकाया मूलधन का 2.50% |
| पुनर्मूल्य निर्धारण शुल्क | बकाया मूलधन का 1% |
| स्टैम्पिंग या फ्रैंकिंग | वास्तविक खर्च के अनुसार |
| चेक / ईसीएस / एनएसीएच बाउंस पर बैंक शुल्क | ग्राहक के बैंक द्वारा वास्तविक खर्च के अनुसार |
| कानूनी / सरफेसी / रिकवरी की कार्रवाई के लिए शुल्क | वास्तविक खर्च के अनुसार |
| सीईआरएसएआई/ सीकेवाईसीआर को भुगतान किए जाने वाले शुल्क | सीईआरएसएआई/ सीकेवाईसीआर द्वारा लागू और निर्धारित अनुसार |
| डिमांड ड्राफ्ट या पे ऑर्डर को फिर से जारी करना या या कैंसल करना | 750 |
| अन्य दस्तावेज | 500 |
| विविध शुल्क | वास्तविक खर्च के अनुसार |
| तकनीकी शुल्क (अतिरिक्त संपत्ति के लिए) | वास्तविक खर्च के अनुसार |
| मूल्यांकन शुल्क (निर्माण आधारित लोन में) | वास्तविक खर्च के अनुसार |
| स्टैम्प ड्यूटी / पंजीकरण / मॉरगेज सूचना / मॉरगेज निर्माण के लिए शुल्क | सरकारी प्राधिकरण द्वारा लागू और निर्धारित अनुसार |

<table>
<tr><th colspan="4">फोरक्लोजर और आंशिक पूर्व भुगतान शुल्क (1 जनवरी 2026 से पहले स्वीकृत लोन के लिए प्रभावी)</th></tr>
<tr><th>उधारकर्ता का प्रकार</th><th>लोन का प्रकार</th><th>ब्याज दर का प्रकार</th><th>लागू होने की स्थिति</th></tr>
<tr><td rowspan="6">व्यक्तिगत</td><td rowspan="2">(a) हाउसिंग लोन,<br>(b) व्यावसायिक उद्देश्य के अलावा एलएपी</td><td>फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो)</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो)</td><td>शून्य – अगर अपने धन के स्रोत से भुगतान किया गया<br>किसी अन्य वित्तीय संस्थान द्वारा शेष राशि अधिग्रहण के मामले में पूर्व भुगतान राशि पर 2.50%</td></tr>
<tr><td rowspan="2">(a) पर्सनल लोन</td><td>फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो)</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो)</td><td>पूर्व भुगतान/ फोरक्लोजर राशि पर 4%</td></tr>
<tr><td rowspan="2">(a) एलएपी बिजनेस<br>(b) नॉन-रेजिडेंशियल परेचज लोन</td><td rowspan="2">फ्लोटिंग, फिक्स्ड और सेमी-फिक्स्ड</td><td>बैंक/ एचएफसी/ एनबीएफसी/ किसी अन्य वित्तीय संस्था से बैलेंस टेकओवर – फोरक्लोजर पर पूर्व भुगतान मूलधन का 4%</td></tr>
<tr><td>अपने स्रोत से- अगर किसी वित्तीय वर्ष में पूर्व-भुगतान की गई राशि, बकाया लोन राशि के 20% से अधिक है, तो पूर्व-भुगतान किए गए मूलधन पर 4% लागू।</td></tr>
<tr><td rowspan="3">नॉन-हाउसिंग</td><td rowspan="2">हाउसिंग लोन</td><td>फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो)</td><td>शून्य</td></tr>
<tr><td>फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो)</td><td>शून्य – अगर अपने धन के स्रोत से भुगतान किया गया<br>किसी अन्य वित्तीय संस्थान द्वारा शेष राशि अधिग्रहण के मामले में पूर्व भुगतान राशि पर 2.50%</td></tr>
<tr><td>अन्य</td><td>कोई भी</td><td>पूर्व भुगतान मूलधन का 4%</td></tr>
</table>

| फोरक्लोजर और आंशिक पूर्व भुगतान शुल्क (1 जनवरी 2026 या उसके बाद स्वीकृत लोन के लिए प्रभावी) | | | |
|---|---|---|---|
| ***उधारकर्ता का प्रकार*** | ***लोन का प्रकार*** | ***ब्याज दर का प्रकार*** | ***लागू होने की स्थिति*** |
| व्यक्तिगत | (a) हाउसिंग लोन | फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो) | शून्य |
| | | फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो) | शून्य – अगर अपने धन के स्रोत से भुगतान किया गया किसी अन्य वित्तीय संस्थान द्वारा बैलेंस टेकओवर के मामले में पूर्व भुगतान / फोरक्लोजर राशि का 2.50% |
| | (b) पर्सनल लोन / फ्लेक्सिबल लोन | फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो) | शून्य |
| | | फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो) | पूर्व भुगतान/ फोरक्लोजर राशि पर 4% |
| | (c) एलएपी बिजनेस / नॉन-रेजिडेंशियल पर्चेज लोन | फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो) | **रु. 50 लाख तक की मंजूर राशि वाले लोन** – शून्य<br>**रु. 50 लाख से ज्यादा की मंजूर राशि वाले लोन:**<br>बैंक/ एचएफसी/ एनबीएफसी/ किसी अन्य वित्तीय संस्था से बैलेंस टेकओवर – फोरक्लोजर पर पूर्व भुगतान मूलधन का 4%<br>अपने स्रोत से- अगर किसी वित्तीय वर्ष में पूर्व-भुगतान की गई राशि, बकाया लोन राशि के 20% से अधिक है, तो पूर्व-भुगतान किए गए मूलधन पर 4% लागू। |
| | | फिक्स्ड सेमी-फिक्स्ड (इस समय आरओआई फिक्स्ड है) | बैंक/ एचएफसी/ एनबीएफसी/ किसी अन्य वित्तीय संस्था से बैलेंस टेकओवर – फोरक्लोजर पर पूर्व भुगतान मूलधन का 4%<br>अपने स्रोत से- अगर किसी वित्तीय वर्ष में पूर्व-भुगतान की गई राशि, बकाया लोन राशि के 20% से अधिक है, तो पूर्व-भुगतान किए गए मूलधन पर 4% लागू। |
| | (d) व्यावसायिक उद्देश्य के अलावा एलएपी | फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो) | शून्य |
| | | फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो) | शून्य – अगर अपने धन के स्रोत से भुगतान किया गया किसी अन्य वित्तीय संस्थान द्वारा बैलेंस टेकओवर करने की स्थिति में पूर्व भुतान राशि का 2.50% |
| नॉन-हाउसिंग | हाउसिंग लोन (माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइज (“एमएसई”) और नॉन एमएसई) | फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो) | शून्य |
| | | फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो) | शून्य – अगर अपने धन के स्रोत से भुगतान किया गया<br>किसी अन्य वित्तीय संस्थान द्वारा बैलेंस टेकओवर के मामले में पूर्व भुगतान / फोरक्लोजर राशि का 2.50% |
| | कोई और (एमएसई) – बिजनेस / व्यवसाय के अलावा | फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो) | पूर्व भुगतान / फोरक्लोजर राशि का 4% |
| | | फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो) | **रु. 50 लाख तक की मंजूर राशि वाले लोन** – शून्य<br>**रु. 50 लाख से अधिक स्वीकृत राशि वाले लोन** – पूर्व भुगतान / फोरक्लोजर राशि का 4% |
| | अन्य (गैर-एमएसई) – बिजनेस / व्यवसाय के अलावा | फिक्स्ड ब्याज दर, सेमी-फिक्स्ड (जब अवधि के दौरान आरओआई फिक्स्ड हो) | पूर्व भुगतान / फोरक्लोजर राशि का 4% |
| | | फ्लोटिंग, सेमी-फिक्स्ड (जब आरओआई अस्थिर हो) | पूर्व भुगतान / फोरक्लोजर राशि का 4% |

*भुगतान किए गए प्रोसेसिंग शुल्क से 10,000 रुपये की राशि आईएमडी शुल्क (गैर-वापसी योग्य) के रूप में लागू की जाएगी।

*** सेमी-फिक्स्ड से फ्लोटिंग: सेमी-फिक्स्ड अवधि के 3 वर्षों के भीतर फ्लोटिंग में स्विच किया जा सकता है।

1. सेमी-फिक्स्ड पूर्व-भुगतान के लिए समापन के समय लागू दर के अनुसार शुल्क लगाया जाएगा। नवीनतम शुल्क/ केएफएस संस्करण के लिए कृपया वेबसाइट https://www.godrejhf.com/ ghf/information-and-policies देखें।

2. शुल्क वापसी: किसी भी स्थिति में किसी भी समय शुल्क की कोई वापसी नहीं होगी।

3. कृपया ध्यान दें: उपरोक्त शुल्क और प्रभार के अलावा, भारत सरकार या संबंधित राज्य द्वारा निर्धारित जीएसटी, कोई भी उपकर और अन्य टैक्स, लेवी आदि भी लगाए जाएंगे।

4. इसके अलावा, उपरोक्त शुल्क और प्रभार में परिवर्तन हो सकता है और यह पूरी तरह से जीएचएफ के विवेकाधिकार पर होगा।

5. कंपनी ने फंड की लागत, परिचालन की लागत, लोन और सिक्योरिटी आदि से जुड़े विभिन्न जोखिमों के आधार पर ब्याज दर मॉडल अपनाया है। अनुमानित संपूर्ण जोखिम के आधार पर अतिरिक्त स्प्रेड को मूल्य निर्धारण में शामिल किया गया है, जो आय, क्रेडिट हिस्ट्री, क्रेडि  जानकारी, उधारकर्ता की प्रोफाइल, कंपनी का आंतरिक मूल्यांकन आदि के अधीन है। इसके अनुसार, विभिन्न ग्राहकों के लिए लोन जोखिमों के लिए लागू ब्याज दर अलग-अलग हो सकती है।

**लोन वितरण की शर्तें:**

| |
|---|
| (1) उधारकर्ता के पक्ष में संपत्ति का स्पष्ट, बिक्री योग्य टाइटल |
| (2) कंपनी की कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी के पक्ष में वैध मॉरगेज (इक्विटी या पंजीकृत) बनाना |
| (3) स्वीकृति पत्र/लोन अनुबंध में कंपनी द्वारा दर्ज सभी दस्तावेजों का निष्पादन/सबमिशन |
| (4) स्वीकृति पत्र/लोन अनुबंध में दर्ज अन्य कोई शर्त |
| **कोई विशेष शर्त: स्वीकृति पत्र/लोन अनुबंध के अनुसार, अगर कोई हो** |

**बकाया राशि रिकवर करने की प्रक्रिया:**

| |
|---|
| उधारकर्ता को नियत तिथि पर बिना किसी सूचना, रिमाइंडर या सूचनापत्र के नियमित रूप से ईएमआई या पीईएमआई का भुगतान करना होगा।<br>अगर बकाया राशि समय पर नहीं चुकाई जाती है, तो कंपनी उधारकर्ता/गारंटर को पोस्ट, फोन, ईमेल, एसएमएस, किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और/या रिकवरी के लिए नियुक्त थर्ड पार्टी के माध्यम से बकाया राशि के भुगतान के लिए फॉलो-अप/रिमाइंडर भेजेगी। कंपनी द्वारा नियुक्त कोई भी थर्ड पार्टी कंपनी के बकाया रिकवरी के आचार संहिता का पालन करने के लिए बाध्य होगी।<br>इसके अलावा, कंपनी को समय-समय पर अपने उधारकर्ताओं से संबंधित क्रेडि  जानकारी क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनियों (सीआईसी) को प्रदान करनी होती है। इसलिए, सिबिल जैसी सीआईसी में क्रेडि  इतिहास पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव से बचने के लिए, उधारकर्ता को सुनिश्चित करना चाहिए कि लोन राशि का बकाया समय पर भुगतान हो।<br>डिफॉल्ट की स्थिति में, लोन दस्तावेजों की शर्तों के अनुसार उधारकर्ता की कंपनी द्वारा सभी बकाया राशि देय हो जाएगी और कंपनी लोन दस्तावेजों के तहत अपने अधिकारों को लागू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं/उपाय कर सकती है, जिसमें बकाया/कानूनी शुल्क, कानून के तहत मौजूद उपाय के अनुसार सुरक्षा को लागू करके बकाया वसूलने के लिए शुल्क शामिल हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। |

**ग्राहक सेवा**

**बीमा से संबंधित शिकायत निवारण**

जीएचएफ ने बीमा व्यवसाय के लिए भारत के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के साथ कॉर्पोरेट एजेंट (सम्पूर्ण) के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। यह बीमा से संबंधित शिकायतों के निवारण के संबंध में आईआरडीएआई के नियमों का पालन सुनिश्चित करेगा। अगर जीएचएफ द्वारा प्रस्तावित बीमा उत्पादों से संबंधित शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो शिकायत को स्वीकार किया जाएगा और कंपनी संबंधित बीमा कंपनियों के माध्यम से ऐसी शिकायत प्राप्त होने की तारीख से 14 दिनों के भीतर निवारण की सुविधा प्रदान करेगी।

अगर शिकायत का समाधान नहीं होता है या ग्राहक समाधान से संतुष्ट नहीं है, तो वह ऑनलाइन आईआरडीएआई के पास शिकायत दर्ज कर सकते हैं: http://www.igms.irda.gov.in या यहां ईमेल कर सकते हैं: complaints@irda.gov.in

| | |
|---|---|
| किसी भी सहायता और अधिक जानकारी के लिए, आप निम्न माध्यमों से ग्राहक सेवा टीम से संपर्क (कार्यदिवसों में 10 AM से 6 PM तक) कर सकते हैं: | |
| 1. अपने नजदीकी शाखा प्रबंधक / शाखा प्रभारी से संपर्क करें | |
| 2. ग्राहक सेवा नंबर पर कॉल करें: 022-68815555 | |
| आप हमें इस ईमेल आईडी customercare@godrejcapital.com पर ईमेल भी लिख सकते हैं। | |
| अधिक जानकारी के लिए कंपनी की वेबसाइट देखें: https://www.godrejhf.com | |
| आप निर्दिष्ट समय-सीमा के अनुसार शाखा में जाकर निम्न दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं: | |
| लोन खाता विवरण<br>टाइटल दस्तावेजों की फोटोकॉपी: | 1 कार्यदिवसों के भीतर<br>7 कार्यदिवसों के भीतर |
| लोन बंद होने पर मूल दस्तावेज की वापसी | 30 दिनों के भीतर |

**ग्राहक शिकायत निवारण प्रक्रिया**

| | |
|---|---|
| स्तर I | हमें 022- 68815555 पर कॉल करें (सोमवार से रविवार, सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक)<br>या customercare@godrejcapital.com पर ईमेल करें | वेबसाइट पर जाएं - https://www.godrejhf.com इस पते पर पत्र लिखें: ग्राहक सेवा टीम, गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस,<br>गोदरेज वन, पिरोजशानगर, विक्रोली ईस्ट, मुंबई, 400079, महाराष्ट्र, इंडिया |
| स्तर II | अगर 7 कार्यदिवसों के भीतर आपकी शिकायत का संतोषजनक उत्तर नहीं मिलता है, तो हमारे शिकायत निवारण अधिकारी से संपर्क करें:<br>संदीप बाड़मेरा \|nodalofficer@godrejhf.com \|+91 7317157126<br>गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस, 9वीं मंजिल, गोदरेज वन, पिरोजशानगर, विक्रोली पूर्व, मुंबई, 400079, महाराष्ट्र, भारत |
| स्तर III<br>NHB<br>(अगर देरी हो या कोई उत्तर न मिले) | अगर हमारे पास पंजीकरण के एक महीने के भीतर आपकी शिकायत का समाधान नहीं होता है या प्राप्त उत्तर से आप संतुष्ट नहीं हैं, तो आप राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) से संपर्क कर सकते हैं।<br>एनएचबी का शिकायत निवारण विभाग<br>ऑनलाइन माध्यम: https://grids.nhbonline.org.in या ऑफलाइन माध्यम: डाक से, http://www.nhb.org.in-/%20Grievance-Redressal-System/Lodging-Complaint-Against-HFCsNHB%E2%80%25%2093Physical-Mode.pdf पर उपलब्ध तय फॉर्मेट में एनएचबी को नीचे दिए गए पते पर भेजें:<br>शिकायत निवारण विभाग<br>राष्ट्रीय आवास बैंक, कोर 5A, इंडिया हैबिटेट सेंटर लोधी रोड, नई दिल्ली– 110003 |
| बीमा से जुड़ी शिकायतें – कॉर्पोरेट एजेंसी | भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण का शिकायत निवारण प्रकोष्ठ<br>महाप्रबंधक<br>भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई)<br>पॉलिसीधारक सुरक्षा और शिकायत निवारण विभाग- शिकायत निवारण प्रकोष्ठ।<br>एसवाई.सं.115/1, वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, गाचीबोवली, हैदराबाद – 500 032।<br>ईमेल: complaints@irdai.gov.in<br>बीमा भरोसा प्रणाली - आईआरडीएआई पोर्टल https://bimabharosa.irdai.gov.in/ पर उपलब्ध यहां संपर्क करें: टोल फ्री नंबर: 155255 या 1800 4254 732 |

**- सटीक और समय पर समाधान के लिए, ग्राहकों से अनुरोध है कि वे कंपनी से पहली बार संपर्क करते समय सभी आवश्यक विवरण, जैसे ग्राहक सूचना संख्या (सीआईएफ), लोन खाता संख्या (एलएएन), फीडबैक, सुझाव, शिकायत का विवरण और फोन नंबर और ईमेल आईडी सहित वैध संपर्क जानकारी प्रदान करें।*

किसी भी प्रश्नों को आगे बढ़ाने (एस्केलेशन) के लिए "ग्राहक शिकायत" से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं।

**महत्वपूर्ण बिंदु:**
सटीक और समय पर समाधान के लिए, ग्राहकों से अनुरोध है कि वे कंपनी से पहली बार संपर्क करते समय सभी आवश्यक विवरण, जैसे ग्राहक संबंध संख्या (सीआरएन), लोन खाता संख्या (एलएएन), फीडबैक, सुझाव, शिकायत का विवरण और फोन नंबर और ई-मेल आईडी सहित वैध संपर्क जानकारी प्रदान करें।

जीएचएफ सभी ग्राहकों के अनुरोधों और शिकायतों का उचित समय के भीतर समाधान करने का प्रयास करती है और आवश्यकतानुसार ग्राहक को स्थिति की जानकारी देती रहती है। चूंकि प्रत्येक अनुरोध और शिकायतें अलग-अलग होती हैं, इसलिए पूरी जांच के बाद समाधान में 1 माह तक का समय लग सकता है।

उपरोक्त दर्ज "सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें (एमआईटीसी)" संपूर्ण नहीं हैं और इन्हें स्वीकृति पत्र, लोन अनुबंध और अन्य दस्तावेजों के साथ पढ़ा जाना चाहिए, जिन्हें उधारकर्ता ने गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के साथ निष्पादित किया है। शर्तों में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में, लोन अनुबंध में दी गई शर्तें लागू होंगी।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ

गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटे

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

**उधारकर्ता द्वारा घोषणा/प्रतिज्ञा:**

मुझे उस दस्तावेज की एक प्रति प्राप्त हुई है जिसमें मेरे द्वारा लिया गया लोन से संबंधित सबसे महत्वपूर्ण नियम और शर्तें मेरी पसंदीदा भाषा में दी गई हैं। उपरोक्त नियम और शर्तें उधारकर्ता द्वारा पढ़ी गई हैं / कंपनी के श्री/श्रीमती ____________________ द्वारा उधारकर्ता को पढ़कर सुनाई गई हैं।

मैं पुष्टि करता/करती हूं कि मैंने उपरोक्त सबसे महत्वपूर्ण नियमों और शर्तों को समझ लिया है और मैं उन्हें स्वीकार करता/करती हूं।

उधारकर्ता ____________________ सह-उधारकर्ता 1 ____________________

सह-उधारकर्ता 2 ____________________ सह-उधारकर्ता 3 ____________________